वेबसाईट : www.abvp.org

पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 25 मई 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का पुणे में शुभारंभ।

महाराष्ट्र की लोक परंपरा का अभाविप की बैठक में हुआ दर्शन।

आज बृहस्पतिवार को पुणे स्थित महर्षि कर्वे स्त्री-शिक्षण संस्था में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का शुभारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान द्वारा मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बैठक के आरंभ में देशभर से आए प्रतिनिधियों का ढोल बजाकर, पुष्प वर्षा द्वारा तथा स्थानीय पारंपरिक टोपी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने कहा कि, " देश के स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में पुणे राष्ट्रीय उद्घोष का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। यह प्रेरणादायक है। पुणे के शिक्षण संस्थानों ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा युवाओं को दिशा दी। भारतीय संस्कृति को समृद्ध करने के साथ पुणे का भारतीय ज्ञान परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान है। 'सत्यमेव जयते' के विमर्श के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। पुणे राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक से अभाविप कार्यकर्ताओं को नई दिशा और नया संकल्प मिलेगा।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "अभाविप के नेतृत्व में छात्रशक्ति सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रयासरत है। पुणे संस्कार, सामर्थ्य तथा राष्ट्र जागरण का केन्द्र है। अभाविप अव्यवस्थाओं के विरुद्ध सतत् प्रयासरत है तथा बेहतर व्यवस्था निर्माण के लिए संकल्पित है। यह समय भारत का है, शिक्षा ही सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम है। इसलिए शिक्षा क्षेत्र में आवश्यक परिवर्तन के लिए सभी हितधारकों को मिलकर प्रयास करने होंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)